Chapter- 5

लिंग

STUDY NOTES

विषय सारांश:

- शब्द के जिस रूप से उसके स्त्री या पुरूष होने का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।
- लिंग बदलते पर क्रिया का रूप भी बदल जाता है।
- लिंग के दो भेद हैं।



- पुरूष जाति का बोध करानेवाले शब्दों को पुल्लिंग कहते हैं।
  उदाहरण- पिता, लड़का, घोड़ा, पेड़
- स्त्री जाति का बोध करानेवाले शब्दों को स्त्रीलिंग कहते हैं।
  उदाहरण- माँ, लड़की, गाय, घोड़ी
- कुछ संज्ञा शब्द स्त्री तथा पुरूष के लिए समान रूप से प्रयोग किए जाते हैं।
  उदाहरण- प्रधानमंत्री, डॉक्टर, खिलाड़ी, मंत्री, इंजीनियर, राष्ट्रपति
- कुछ शब्द सदा पुल्लिंग होते हैं।
  उदाहरण- दिनों के नाम, महीनों, पेड़ों, राज्यों, समुद्रों, धातुयों के नाम, मच्छर, कछुआ, तेंदुआ आदि।
- कुछ शब्द सदा स्त्री लिंग रहते हैं।
  उदाहरण- भाषाओं के नाम, नदियों के नाम, तिथियों के नाम, लिपियों के नाम, कोयल, मक्खी, छिपकली, मछली आदि।

आइए, अब लिखें।

१. लिंग बदलिए।

क) आचार्य - आचार्या　　ख) सम्राट - सम्राज्ञी

ग) साध्वी - साधु　　घ) लुहार - लुहारिन

ङ) शेर - शेरनी   च) श्रीमान - श्रीमती

२. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दुबारा लिखिए।

क) हमारे शिक्षक बहुत विद्वान हैं।

उ: हमारी शिक्षिका बहुत विदुषी हैं।

ख) सुनार ने सुंदर गहने बनाए।

उ: सुनारिन ने सुंदर गहने बनाए।

ग) पिता जी को घूमना बहुत पसंद है।

उ: माता जी को घूमना बहुत पसंद है।

घ) छत पर मोर बैठा है।

उ: छत पर मोरनी बैठी है।

ङ) मेरा भाई बहुत बुद्धिमान है।

उ: मेरी बहन बहुत बुद्धिमती है।

३. निम्नलिखित शब्दों में स्त्रीलिंग शब्द के सामने 'स्त्रीलिंग' और पुल्लिंग शब्द के सामने 'पुल्लिंग' लिखिए।

क) मछली - स्त्रीलिंग   ख) कंप्यूटर - पुल्लिंग

ग) आम - पुलिंग   घ) चाय - स्त्रीलिंग

ङ) बोतल - स्त्रीलिंग   च) परदा - पुल्लिंग

छ) पर्वत - पुल्लिंग   ज) कटोरा - पुल्लिंग

झ) बारिश - स्त्रीलिंग   ञ) दिशा - स्त्रीलिंग

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow